उत्तराखण्ड सरकार
मा.मुख्यमंत्री प्रेस सूचना ब्यूरो
(सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग)
सचिवालय परिसर, सूभाष रोड, देहरादून
E-mail : infodirector.uk@gmail.com
Website : www.uttarainformation.gov.in

**देहरादून 07 अप्रैल, 2018(सू.ब्यूरो)** **प्रेस नोट–07(04/42)**

मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि महापुरूष सबके होते है। उन्हें एक जाति व वर्ग से नही जोड़ा जाना चाहिए। शनिवार को परेड ग्राउण्ड, देहरादून में दून बुद्धिस्ट सोसायटी द्वारा आयोजित भीम महोत्सव का शुभारम्भ करते हुए मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि डॉ.भीमराव अम्बेडकर देश के संविधान निर्माता ही नही आजादी के बाद विदेश नीति में भी उनका योगदान रहा।

मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि यदि आजादी के बाद सांस्कृतिक आधार पर अन्तर्राष्ट्रीय संबंध बनाये जाने के प्रयास होते तो कई समस्याओं का समाधान हो जाता। उन्होंने कहा कि नेपाल हिन्दु राष्ट्र है। तिब्बत, चीन व जापान में बौद्ध धर्म के अनुयायी है। बौद्ध धर्म की जड़ भारत में ही है। बौद्ध धर्म भारत में ही प्रफुल्लित हुआ। इसमें भारत की मिट्टी की सुगंध है। डॉ.भीमराव अम्बेडकर ने जिस काल व परिस्थितियों में जन्म लिया, उस समय छुआ–छूत चरम सीमा पर था। उस समय डॉ.अम्बेडकर के समक्ष मुस्लिम, ईसाई आदि धर्म अपनाने का भी दबाव रहा किन्तु उन्होंने देश व समाज हित में बौद्ध धर्म अपनाना तथा बुद्ध की शिक्षाओं को ग्रहण कर बुद्धं शरणं गच्छामि का अनुसरण किया। इस धर्म की अच्छाइयों को समझकर छुआ–छूत को मिटाने तथा मनुष्यों में भेद भाव न करने की भी शिक्षा उन्होंने दी। मनुष्य–मनुष्य में भेद करना कष्टकारी होता है। यह एक संवेदनशील व्यक्ति ही समझ सकता है। एक ही मिट्टी व संस्कृति में जन्में व्यक्तियों में भेद–भाव करना अमानवीय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बुद्ध की शिक्षाओं को समझने की जरूरत है। हम तभी सुखी व समृद्ध रह सकते है जब हम एक कमाये सबको खिलाये की सोच रखे तभी समाज आगे बढेगा। मुख्यमंत्री ने भीम महोत्सव के आयोजन के लिये दून बुद्धिस्ट सोसायटी को परेड ग्राउण्ड स्थित आयोजन स्थल को निःशुल्क उपलब्ध कराने की भी सहमति दी।

विधायक श्री देशराज कर्णवाल ने कहा कि बुद्ध शांति के प्रतीक है। डॉ.भीमराव अम्बेडकर महिला शिक्षा के हिमायती रहे। आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भी महिला शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान दे रहे है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों के विकास के लिये मुख्यमंत्री के प्रयासों की भी सराहना की।

बौद्ध गुरू शाक्या ट्रिजिन रत्ना रिमपोछे ने कहा कि भारत बुद्ध की भूमि है। मैत्री और करूणा उनका सिद्धान्त है। उनके सिद्धान्त हमें प्रेम और मोहब्बत के साथ रहने की शिक्षा देते है। आज जरूरत है मैत्री और करूणा के संदेश को विश्वभर में फैलाने की। उन्होंने डॉ.अम्बेडकर को प्रतिष्ठित व्यक्तित्व तथा संविधान निर्माता बताया।

इस अवसर पर दून बुद्धिस्ट सोसायटी के अध्यक्ष श्री राजेश सिंह, पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी श्री चन्द्र सिंह, श्री संतलाल आदि उपस्थित थे।

**देहरादून 07 अप्रैल, 2018(सू.ब्यूरो)** **प्रेस नोट–06(04/41)**

मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को देवप्रयाग के निकट हुई वाहन दुर्घटना में मृतकों के प्रति गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगतों की आत्मा शांति एवं दुःख की इस घड़ी में उनके परिजनों को धैर्य प्रदान करने एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से कामना की है। मुख्यमंत्री ने सड़क हादसे में घायल हुए लोगों के समुचित उपचार के निर्देश भी जिलाधिकारी को दिये है।

ज्ञातव्य है कि सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों का इलाज श्रीनगर बेस अस्पताल में किया जा रहा है।

***सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग***

**देहरादून 07 अप्रैल, 2018(सू.ब्यूरो)** **प्रेस नोट–05(04/40)**

राज्य के युवाओं के हुनर को उभारने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड कौशल विकास समिति, द्वारा इंडिया स्किल्स उत्तराखण्ड–2018 कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार दिनांक 07 अप्रैल, 2018 को कुकिंग एवं रेस्टोरेन्ट सर्विस, ऑटोबॉडी रिपेयर, कार पेटिंग एवं वैल्डिंग के क्षेत्र में गढ़वाल मण्डल के युवाओं हेतु इण्डिया स्किल्स उत्तराखण्ड–2018 प्रतियोगिता का आयोजन आई.एच.एम., गढ़ी कैन्ट एवं मोहन मोटर्स ऋषिकेश, देहरादून में किया गया।

ज्ञातव्य है कि वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता में मिशन निदेशक डॉ.पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में उत्तराखण्ड पहली बार भाग ले रहा है। वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता कौशल के क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी प्रतियोगिता है, जिसे कौशल का ओलंपिक्स भी कहा जाता है। यह प्रति 02 वर्षो में आयोजित की जाती है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य कौशल विकास को समृद्ध करना है। जिससे अधिक से अधिक युवा कौशल में रूची लें साथ ही कौशल क्षेत्रों में भविष्य निर्माण की ओर अग्रसर रहें।

कुकिंग प्रतियोगिता में 20 एवं रेस्टोरेन्ट सर्विस में 12 कुशल युवक एवं युवतियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में सर्वकुशल 05 छात्रों को चयनित किया गया। कुकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर श्री ग्रीस चन्द्र, द्वितीय स्थान पर श्री विवेक चमोली, तृतीय स्थान पर सुश्री प्रीति चमोली, चतुर्थ स्थान पर श्री हिमांशु बिष्ट तथा पांचवें स्थान पर श्री प्रियांक दीप रहे।

रेस्टोरेन्ट सर्विस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर श्री सर्मथ बिष्ट, द्वितीय स्थान पर श्री हिमांशु डलिया, तृतीय स्थान पर श्री राहूल सिंह बकराड़ी, चतुर्थ स्थान पर श्री आकांक्षा पुण्डीर तथा पांचवे स्थान पर श्री संजय पाल सिंह नेगी रहे।

प्रतियोगिता के निष्पक्ष निर्णय हेतु कुकिंग के विशेषज्ञ श्री सैफ शिरीष सक्सेना, सैफ श्री राजीव प्रकाश (पूर्व सैफ होटल ताज), एवं सैफ श्री महेन्द्रा खैरिया (जेस–इण्डियन कलीनरी फोरम), एवं एफ एण्ड बी में श्री राहूल वासुदेवा, श्री विनीत गिरी, होटल सरोवर, देहरादून एवं श्री आर.सी.पाण्डे, प्रधानाचार्य जी.आई.एच.एम. की तीन सदस्यों की ज्यूरी बनायी गयी। ज्यूरी द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन प्रस्तुतीकरण, प्रक्रिया, स्वाद एवं स्वच्छता जैसे मानकों पर किया गया।

इसी प्रकार ऑटोबॉडी रिपेयर, कार पेटिंग एवं वैल्डिंग प्रतियोगिता में कुल 73 युवाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। ऑटोबॉडी रिपेयर श्रेणी में प्रथम स्थान पर श्री द्विव्यांश सिंह बिष्ट एवं द्वितीय स्थान पर श्री नितिन कुमार, तृतीय स्थान पर श्री आदित्य शर्मा रहे। इस श्रेणी की ज्यूरी में ऑटोमोटिव सेक्टर स्किल्स कांउसिल के श्री धवल राजपूत एवं श्री धर्मेन्द्र शर्मा थे।

कार पेटिंग श्रेणी में प्रथम स्थान पर श्री राहुल वर्मा, द्वितीय स्थान पर श्री अजय बोध एवं तृतीय स्थान पर मनीष कुमार रहे। इस श्रेणी की ज्यूरी में ऑटोमोटिव सेक्टर स्किल्स कांउसिल के श्री धर्मेन्द्र शर्मा एवं ए.के.जेड.ओ. नोवल के श्री संजय नेगी थे।

वैल्डिंग श्रेणी में प्रथम स्थान पर श्री आश मोहम्मद, द्वितीय स्थान पर श्री अनुज कुमार एवं तृतीय स्थान पर श्री गौरव पाल रहे। इस श्रेणी की ज्यूरी में श्री उदयराज सिंह एवं मोहित जौहर थे।

इसी क्रम में कुमाऊं क्षेत्र के युवाओं हेतु आई.टी.आई.(युवक), हल्द्वानी में ऑटोबॉडी रिपेयर, कार पेटिंग एवं वैल्डिंग श्रेणी की प्रतियोगिता आगामी दिनांक 10 अप्रैल, 2018 को एवं कुकिंग एवं रेस्टोरेन्ट सर्विस श्रेणी की प्रतियोगिता दिनांक 12 अप्रैल, 2018 को आम्रपाली संस्थान, हल्द्वानी में आयोजित की जायेगी।

गढवाल एवं कुमाऊं मण्डल से चयनित प्रतिभागियों द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दिनांक 15 से 18 अप्रैल 2018 को देहरादून में प्रतिभाग किया जायेगा। राज्य स्तरीय विजेताओं द्वारा जोनल व उसके बाद राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व किया जायेगा। राष्ट्रीय विजेता छात्र वर्ल्ड स्किल–2019 जो कि रूस के कज़ान शहर में होगा उसमें शिरकत करेगें।

प्रतियोगिता समारोह में नोडल अधिकारी कौशल विकास मिशन/उपनिदेशक सेवायोजन श्रीमती चन्द्रकांता, सलाहकार श्री शावेज़ बख्श, प्रबन्धक फाइनेन्स श्री राजीव तिवारी, प्रबन्धक प्लेसमेन्ट श्रीमती स्वेता उनियाल, एवं प्रबन्धक प्रशिक्षण श्री मनोज खरोला, परियोजना समन्वयक श्री अवनीश जैन, श्री एस.पी. सचान, सेवायोजन अधिकारी श्री प्रवीन चन्द्र गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

***सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग***

**देहरादून 07 अप्रैल, 2018(सू.ब्यूरो)** **प्रेस नोट–04(04/39)**

मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को डी.ए.वी.पी.जी. कॉलेज देहरादून में छात्रसंघ सप्ताह समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने डीएवी पी.जी कॉलेज में जियो वाई–फाई सेवा का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कॉलेज में एजुसेट एवं स्मार्ट क्लासेज की स्वीकृति प्रदान की तथा डीएवी न्यूज लेटर का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि कॉलेज का छात्रसंघ समारोह उत्साहजनक रहा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शैक्षणिक सत्र उत्कृष्टता प्रदान करने वाला रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए सबको सामुहिक प्रयास करने होंगे। नौजवानों का भविष्य तभी सुरक्षित होगा जब प्रदेश पूर्णतः भ्रष्टाचार मुक्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने एक वर्ष में संस्थागत भ्रष्टाचार समाप्त किया है। एनएच भूमि मुआवजा अनियमितता में 20 आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। 02 हजार से अधिक लोग फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी से निकाले जा चुके हैं। प्रदेश ने ऊर्जा के क्षेत्र में एक साल में 200 करोड़ रूपये से अधिक मुनाफा कमाया। परिवहन के क्षेत्र में डेढ़ सौ करोड़ रूपये की आय अर्जित की। जिसे अगले वर्ष 400 करोड़ से ऊपर पहुंचायेंगे। खनन से राज्य के राजस्व में 28 प्रतिशत वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि इस वर्ष को रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री डॉ.धन सिंह रावत, विधायक श्री गणेश जोशी, भाजपा नेता श्री सुनील उनियाल 'गामा', प्राचार्य डीएवी पी.जी. कॉलेज देहरादून डॉ.देवेन्द्र भसीन, छात्र संघ अध्यक्ष श्री सुभम सिमल्टी, महासचिव श्री आकाश गौड़, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष श्री आशीष रावत एवं महाविद्यालय के शिक्षकगण आदि उपस्थित थे।

**देहरादून 07 अप्रैल, 2018(सू.ब्यूरो)** **प्रेस नोट–03(04/38)**

मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, ननूरखेड़ा, देहरादून में पं.दीनदयाल उपाध्याय राज्य शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार वितरण समारोह में प्रतिभाग किया।

***मुख्यमंत्री ने बोर्ड परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं को किया सम्मानित***

मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा 2017 में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया। हाईस्कूल एवं इण्टर की बोर्ड परीक्षा में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को क्रमशः 15 हजार रूपये, 11 हजार रूपये एवं 08 हजार रूपये की धनराशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया जबकि चौथे से दसवें स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को 5100 रूपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जबकि इण्टरमीडिएट की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को क्रमशः 21 हजार रूपये, 15 हजार रूपये एवं 11 हजार रूपये की धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। जबकि चौथे से दसवें स्थान प्राप्त करने वालों को 5100 रूपये की धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। दसवीं की कक्षा में विजयनगर रूद्रप्रयाग की छात्रा आयिशा को प्रथम स्थान, जसपुर उद्यमसिंहनगर के हर्षवर्द्धन वर्मा को द्वितीय स्थान एवं बड़कोट, उत्तरकाशी के अजय विक्रम सिंह बिष्ट को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर मुख्यमंत्री ने उन्हें सम्मानित किया। इण्टरमीडिएट की परीक्षा में गंगनाली पौड़ी के आदित्य घिल्डियाल को प्रथम, जसपुर उद्यमसिंहनगर के अक्षदीप वत्सल को द्वितीय एवं भेल हरिद्वार की मेघा को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

***हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा 2017 में अच्छा परीक्षा परिणाम देने वाले 03–03 स्कूलों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित***

प्रदेश में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट में सबसे अच्छा परीक्षा परिणाम देने वाले 03–03 स्कूलों को मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने मुख्यमंत्री ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र प्रदान किये। हाईस्कूल की परीक्षा में बेहतर परिणाम देने के लिये आईपी इण्टर कॉलेज लक्सर, राणा प्रताप इण्टर कॉलेज खटीमा और पं.पूर्णानन्द तिवारी इण्टर कॉलेज जसपुर को मुख्यमंत्री ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा में बेहतर परिणाम देने के लिये विवेकानन्द कॉलेज रानीखेत टिहरी एवं उत्तरकाशी इण्टर कॉलेज को मुख्यमंत्री ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर हाईस्कूल के 52 एवं इंटरमीडिएट के 50 स्कूलों को बेहतर प्रदर्शन के लिये मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किये।

***विद्या रूपी धन सभी धनों में श्रेष्ठ – मुख्यमंत्री***

मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि विद्या रूपी धन सभी धनों से श्रेष्ठ है। विद्या का दान सबसे बडा पूण्य है। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ये छात्र–छात्राएं आगे चलकर राज्य का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश को शत्–प्रतिशत साक्षर बनाने के लिये सबको प्रयास करने होंगे।

***देहरादून के सभी सरकारी विद्यालयों में रूफ टॉप सोलर सिस्टम देंगे – सीएम***

मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि देहरादून के सभी सरकारी स्कूलों में रूफ टॉप सोलर सिस्टम की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेश में 02 ऐसे आवासीय विद्यालय बनाये जाये जिसमें सम्पूर्ण प्रदेश के छात्र–छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर सकें। इन विद्यालयों में सभी वर्गो के विद्यार्थियों के लिये उच्च स्तर की शिक्षा की व्यवस्था की जाये। इन स्कूलों में शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर स्टाफ की समुचित व्यवस्था की जाए।

इस अवसर पर विधायक श्री उमेश शर्मा(काऊ), महानिदेशक शिक्षा कैप्टन आलोक शेखर तिवारी, माध्यमिक शिक्षा निदेशक श्री आर.के.कुंवर, भाजपा नेता श्री विनय गोयल, विभिन्न विद्यालयों से आये प्राचार्यगण एवं शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

***सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग।***

**देहरादून 07 अप्रैल, 2018(सू.ब्यूरो)** **प्रेस नोट–02(04/37)**

मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने एक बयान में कहा है कि शराब बिक्री के बारे में जो अफवाहें फैलाई जा रही है, वह निराधार है।

मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि हमारी सरकार ने एक पारदर्शी आबकारी नीति लागू की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार एफ.एल.–5एम/डी.एस. के नाम से एक पॉलिसी लाई थी जिसके अंतर्गत मॉल/डिपार्टमेंटल स्टोर में 02 लाख रूपए का शुल्क देकर लाइसेंसधारियों को विदेशी शराब बेचने का अधिकार दिया गया था। हमारी सरकार ने इस पॉलिसी के दुरूपयोग को रोकने हेतु नए कदम उठाए हैं।

मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि नए प्रावधानों के तहत मॉल/डिपार्टमेंटल स्टोर का लाइसेंस शुल्क 02 लाख से 05 लाख कर दिया गया है। साथ ही ये प्रावधान भी किया गया है कि यह लाइसेंस तब दिया जाएगा, जब उस स्टोर का सालाना टर्नओवर 50 लाख रुपये से अधिक हो। इससे वास्तविक डिपार्टमेंटल स्टोर ही उक्त अनुज्ञापन प्राप्त कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने मीडिया के साथियों व जनता से अपील की है कि इस मुद्दे पर भ्रामक खबरों या दुष्प्रचार से बचें। एफ.एल.–5एम/डी.एस. पॉलिसी में किए गए संशोधन परचून किराना स्टोर में शराब बेचने के लिए नहीं है बल्कि पहले से चली आ रही पॉलिसी का दुरूपयोग रोकने का एक ईमानदार एवं पारदर्शी कदम है।

सरकार शराब को बढ़ावा देने के पक्ष में नही है, बल्कि इसके लिए बनाये नियमों का पारदर्शी तरीके से लागू करने का प्रयास कर रही है।

***सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग***

**देहरादून 07 अप्रैल, 2018(सू.ब्यूरो)** **प्रेस नोट–01(04/36)**

मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को हिन्दू नेशनल स्कूल देहरादून में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच और लॉयंस क्लब देहरादून द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कैंसर कैम्प में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने मोबाईल कैंसर स्क्रीनिंग सेंटर वैन का अवलोकन भी किया। इस वैन में कैंसर के विभिन्न जॉच सम्बन्धी उपकरणों की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि कैंसर जैसे घातक रोग के लिए शिविर का आयोजन करने एवं लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करने का यह एक अच्छा प्रयास है। उन्होंने कहा कि यदि हम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें तो बीमारियों का समाधान स्वयं कर सकते हैं। कैंसर से बचने के लिए समय पर सचेत होना जरूरी है। प्रारम्भिक चरण में इस रोग का पता चलना जरूरी है। उन्होंने अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच को देशभर में कैसर के शिविर लगाने और कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करने के प्रयासों की सराहना की।

मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि पिछले एक साल में राज्य सरकार ने प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अनेक प्रयास किये हैं। एक साल में 1100 से अधिक डॉक्टरों की नियुक्ति की गई। 37 अस्पताल टेलीमेडिसिन एवं टेलीरेडियोलॉजी से जोड़े गये हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में प्रतिवर्ष लगभग 25 लाख श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए आते हैं। इन श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस बार चारों धामों बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री एवं यमुनोत्री को टेलीमेडिसिन से जोड़ा जा रहा है।

इस अवसर पर भाजपा नेता श्री अनिल गोयल, श्री विनय गोयल, श्री सुनील उनियाल 'गामा', श्री नरेश बंसल, कार्यक्रम के संयोजक श्री सुरेन्द्र अग्रवाल, अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच से श्री संजीव जैन आदि उपस्थित थे।

***सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग***